कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, खगड़िया।

शाखा :– कार्यालय जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, (स्थापना) शिक्षा विभाग, खगड़िया।
अनुमंडल परिसर, खगड़िया (851204)

कार्यालय–आदेश

............../ अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक–3907 दिनांक–31.10.2025 में निहित प्रावधान के आलोक में पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक, के पद पर माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के अधिसूचना संख्या–954 दिनांक–27.02.2026 द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा–2019 की परीक्षा उत्तीर्णता के लिए पिछड़ा एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों को 05 प्रतिशत् की छूट का लाभ दिये जाने के वर्ष–2023 में लिए गये विभागीय निर्णय के आलोक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा पिछड़ा एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित न्यूनतम उत्तीर्णांक 50 प्रतिशत् में 05 प्रतिशत् की छूट देते हुए कुल 239 अभ्यर्थियों का संशोधित रिजल्ट प्रकाशित करते हुए शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक (अंशकालिक) के पद पर नियुक्ति संबंधी निदेश के आलोक में विभागीय अधिसूचना पत्रांक–1168 दिनांक–30.03.2026 द्वारा समय तालिका निर्धारित की गयी है, जिसके अनुपालन में संबंधित नियोजन ईकाई को आवंटित पद के विरूद्ध नियोजन हेतु निम्न निर्देश दिया जाता है:–

- जिला द्वारा संबंधित नियोजन ईकाई को आवंटित पद के विरूद्ध विभागीय अधिसूचना संख्या–954 दिनांक–27.02.2026 में निहित प्रावधान के अनुरूप मेधा सूची का निर्माण किया जायेगा।
- जिला शिक्षा पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक–1126 दिनांक–26.05.2022 द्वारा खगड़िया जिलान्तर्गत मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पदस्थापन हेतु निर्गत विद्यालय की सूची में से शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पदस्थापन हेतु विभागीय अधिसूचना संख्या–954 दिनांक–27.02.2026 के कंडिका–04 में निहित प्रावधान के अनुरूप विद्यालयों का चयन करना सुनिश्चित करेंगे।

क्र0सं0	नियोजन ईकाई का नाम	रिक्ति		कुल	अभ्युक्ति
		EBC	BC		
1	अलौली प्रखंड	01	01	02	
2	खगड़िया प्रखंड	01	01	02	
3	मानसी प्रखंड	01	01	02	
4	चौथम प्रखंड	01	01	02	
5	बेलदौर प्रखंड	01	01	02	
6	गोगरी प्रखंड	01	01	02	
7	परबत्ता प्रखंड	01	01	02	
8	खगड़िया नगर परिषद्	02	00	02	
9	गोगरी नगर परिषद्	02	00	02	
10	अलौली नगर पंचायत	01	00	01	
11	मानसी नगर पंचायत	00	01	01	
12	बेलदौर नगर पंचायत	00	01	01	
13	परबत्ता नगर पंचायत	01	00	01	
	कुल:–	13	9	22	

अतः उक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त विभागीय पत्रों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित् करेंगे, साथ ही जिला स्तर पर कैम्प का निर्धारण जिला पदाधिकारी, खगड़िया के परामर्श के उपरान्त उक्त संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा अलग से पत्र निर्गत किया जायेगा।

08/4/26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
(स्थापना), खगड़िया

09/04/2026

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खगड़िया।

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक......1186....../खगड़िया, दिनांक....09|04|26........

प्रतिलिपि :– सभी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद/नगर पंचायत जिला–खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव, प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई जिला–खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी (NIC) खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि इसे जिले के वेवसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, खगड़िया की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
स्थापना, खगड़िया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खगड़िया।

Scanned with OKEN Scanner